# जीवनशैली में अपनाएं योग : कल्पना

**■ देव सिंह मैदान में आयोजित हुआ योग कार्यक्रम**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** 11वा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस जनपदभर में धूमधाम से मनाया गया। जिसके तहत जनपद भर में योग कार्यक्रम आयोजित हुए। मुख्य कार्यक्रम देव सिंह मैदान में आयोजित हुआ जिला प्रशासन के तत्वाधान में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का शुभारम्भ कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मेयर कल्पना देवलाल द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वर्चुअल भाषण से हुई जिसका लाइव टेलीकास्ट एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रसारित किया गया, योग सत्र का संचालन आयुष विभाग पिथौरागढ़ द्वारा किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पूरे विश्व में योग दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने आयुष विभाग को योग दिवस के सफल आयोजन पर बधाई दी। उन्होंने योग को जीवनशैली में अपनाएं और निरोग रहे की बात कही। जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने कहा कि योग की जो शिक्षा लेकर लोग यहां से जा रहे हैं, उसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा भी बनायें तथा अपने आप को स्वस्थ रखें। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में योग क्रांति के रूप में आया है। अधिकांश लोग योग को अपना रहे हैं।

मुख्य विकास अधिकारी डा. दीपक सैनी ने अपनी उत्कृष्ट नेतृत्व क्षमता का पुनः परिचय दिया है। परियोजना निदेशक पुनेठा ने नोडल अधिकारी के रूप में कार्यकुशलता से कार्य को अंजाम दिया।

विभागीय अधिकारियों द्वारा भी विभिन्न प्रभारी अधिकारियों के रूप में अपने अपने कार्य को बहुत ही उत्कृष्टता तथा व्यक्तिगत जिम्मेदारी से सम्पादित किया। योग के कार्यक्रमों हेतु पिछले दसे माह से निरंतरता से कार्य करने पर डा. चन्द्रकला और उनकी टीम भी बधाई की पात्र है।

इस अवसर पर अधिकारी व कर्मचारी, एनसीसी के छात्र, भूतपूर्व सैनिक, आईटीबीपी के जवानों, नर्सिंग कॉलेज के छात्र-छात्राओं, लेलू स्पोर्ट्स कॉलेज के छात्रों, जनपद के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं व अन्य लगभग 5000 लोगों द्वारा भी योगाभ्यास किया गया।

## पेयजल नलकूप का विधायक ने किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** ग्राम आमपोखरा, भवानीपुर खुल्बे ग्राम सभा के लिए 40 हैकटेयर भूमि सिंचित एवं पेयजल नलकूप जिसकी लागत 1.19 लाख का रामनगर के विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने भाजपा कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों के साथ इसका शुभारंभ किया। ग्रामीणों ने उक्त कार्य के लिए विधायक का आभार व्यक्त किया और उनका स्वागत किया। इस दौरान नलकूप पेयजल की अधिशासी अभियंता प्रिया, बलदेव रावत, शिशुपाल सिंह रावत, नरेंद्र चौहान, मंडल महामंत्री कपिल रावत, मुकेश रावत, डॉक्टर सतबीर, कैप्टन विक्रम सिंह नेगी, मंजू रावत, मीना रावत, शंकर सिंह रावत, सूरजपाल, नरेश आदि मौजूद रहे।

# बर्फीली हवाओं के बीच हिमवीरों ने किया योग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** खुले आसमान, चारों ओर बर्फ से ढकी पहाड़ियों, उस पर सूर्य भगवान द्वारा बिखेरी जा रही अपनी लालिमा, खुशनुमा मौसम स्वयं तथा दुनिया को योग से स्वस्थ रखने के संकल्प की बह रही बयारों के बीच उच्च हिमालयी क्षेत्र की 15 हजार फिट की ऊंचाइयों से किया गया योग दिवस का आवाज। आईटीबीपी की लोहाघाट स्थित 36 वीं वाहिनी के कमांडेंट संजय कुमार ने धाकड़ पोस्ट के

हिमवीरों एवं दुग्तू गांव के लोगों के संग पंचाचुली में योग किया। उनके साथ डिप्टी कमांडेंट मुकेश सिंह भी थे। कमांडेंट ने कहा योग एवं प्राणायाम आजीवन स्वस्थ रहने, सकारात्मक ऊर्जा का ऐसा स्रोत है जिसका कोई विकल्प ही नहीं है वही व्यक्ति अभागा होगा जो अपने को योग से दूर रखे हुए है। द्वितीय कमान अधिकारी बेगराज मीणा ने आदि कैलाश में यहां यात्रा पर आए लोगों, स्थानीय ग्रामीणों एवं हिमवीरों के साथ योग किया। उनके साथ सहायक सेनानी डॉक्टर शुभम भी थे। इधर कोली ढेक परिसर में आयोजित सामुहिक योग में सहायक सेनानी गौरव कुमार, बीएस मेहता, मनमोहन सिंह, हिमवीर वाइब्ज वेलफेयर एसोसिएशन 'हावा' की चीफ पैटर्न अनुराधा सिंह ने भी हिमवीर महिलाओं के साथ योग किया। इस मौके पर एसएम दिनेश सिंह बिष्ट, इंस्पेक्टर गोपाल वर्मा भी साथ थे।

# योगाभ्यास कर योग के गिनाए फायदे

**■ पृथ्वी हरा भरा बनाने और हमें स्वच्छ हवा के लिए अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाने की अपील**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के अनुपालन में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर वरिष्ठ सिविल जज दुर्गा शर्मा और सिविल जज भारती मंगलानी की अध्यक्षता में सिविल न्यायालय परिसर खटीमा में योग दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर ट्रेनर विमलेश कुमार और अभिषेक के द्वारा योगाभ्यास कराया गया तथा योग से होने वाले फायदों के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि योग मन, शरीर और आत्मा की एकता को मजबूत और सक्षम बनाता है। योग हमारे शरीर और मानसिक स्वास्थ्य को भी विभिन्न तरीकों से लाभ पहुंचता है। निरंतर योग से हर व्यक्ति को शांति और आनंद की प्राप्ति होती है।

इसके साथ ही उन्होंने अपील किया कि हमें अधिक से अधिक पेड़ पौधों को लगाना चाहिए ताकि पृथ्वी हरी भरी रहे और हमें स्वच्छ हवा मिल सके।

वहीं जीव जंतु पशु पक्षी भी खुली हवा में सांस ले सकें।

इस अवसर पर नाजीर संजय शुक्ला, हेमा, मीनाक्षी, अधिवक्ता शाहना बेगम, चंचल सिंह, पीएलवी आरबी सिंह राणा, विमल कुमार, प्रभु दयाल, मंजू बिष्ट, मीरा देवी, भगवती देवी, ठग्गो देवी, कमला गोस्वामी, आशा रानी, माया देवी, गीता शर्मा, पिंकी तथा मंगल सिंह आदि मौजूद रहे।

# आरएएन के बच्चों ने उत्साह से किया योग

**■ स्कूल प्रांगण में मनाया गया 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस**





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** आरएएन पब्लिक स्कूल के प्रांगण में 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस अत्यंत उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस वर्ष की थीम 'योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ' रहा, जोकि संपूर्ण मानवता, पर्यावरण और पृथ्वी के स्वास्थ्य के बीच गहरे संबंध को दर्शाता है।

इस अवसर पर विद्यालय के अनेक शिक्षकगण, पांच विभिन्न विद्यालयोंसे आए 180 एनसीसी एयर विंग कैडेट्स एवं अन्य विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी की। कार्यक्रम की शुरुआत दिव्य वातावरण में गायत्री मंत्र के उच्चारण से हुई। इसके पश्चात विद्यालय की योग प्रशिक्षिका सुनीता जयसवाल ने उपस्थित सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं एनसीसी कैडेट्स को अंतरराष्ट्रीय योग नियमों के अनुसार विभिन्न योगासनों का अभ्यास करवाया। बच्चों ने योग के माध्यम से शरीर, मन और आत्मा के सामंजस्य को समझते हुए समर्पण भाव से योग क्रियाएं कीं। इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापक विंग कमांडर (से. नि.) एचके राय, प्रबंधक मोहित राय एवं प्रधानाचार्या भावना भनोट की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रबंधक मोहित राय ने अपने उद्बोधन में योग के लाभों पर प्रकाश डालते हुए सभी को दैनिक जीवन में योग कोअपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि मानसिक शांति एवं आत्मिक संतुलन भी प्रदान करता है।

# जिलाधिकारी को लोगों ने नम आंखों से दी भावपूर्ण विदाई

**■ एक सच्चे एवं ईमानदार लोक सेवक के रूप में अपनी यादें छोड़ गए डीएम नवनीत पांडे**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** जिले के लोगों ने भारी मन से ऐसे हंसमुख कर्मयोगी जिसके काम का कोई समय नहीं होता था, जिसमें दूर तक पद की हनक नहीं थी, फरियादियों से मिलकर उन्हें संतोष देने, आम लोगों से सीधा संवाद कर जनता को प्रशासन के बीच की दूरी समाप्त करने, अवकाश के दिनों में दूर दराज के ग्रामीणों के बीच जाकर उनका दर्द कम करने एवं जिसकी कार्य संस्कृति यह रही हो कि बेचारा गांव का व्यक्ति इतने दूर से अपना समय व पैसा खर्च कर आता है, यदि उसके काम को लटकाने, टरकाना एवं गुमराह कर लौटा देते हैं तो इससे बड़ा दुर्भाग्य और कोई नहीं हो सकता। जबकि ऐसे ही लोगों की सेवा के लिए सरकार हमें इतना वेतन, गाड़ी, घोड़ा सुविधाये देती है, जिसके एवज में हम उतना काम नहीं कर पाते हैं।



सही मायनो में कहा जाए तो जिलाधिकारी के रूप में नवनीत पांडे ने 22 माह 10 दिन की सेवा के दौरान जिले के लोगों एवं अधिकारियों से ऐसा आत्मीय रिश्ता जोड़ा हुआ था जिससे उनकी विदाई समारोह में हर एक व्यक्ति की आंखे नम थी। उधर जनता में जिलाधिकारी पांडे के स्थानांतरण की व्यापक प्रतिक्रियाएं हुई है। हर व्यक्ति ने अपनी दृष्टि से अपनी बातें कहीं। कोई कहता था कि सीएम धामी को इससे बेहतर डीएम कहां से मिलेगा? जिसने और तो और नेताओं का भी काम बहुत हल्का कर दिया था। आज की व्यवस्था में अपने को दाग न लगने देने वाला अधिकारी तो ढूंढ कर भी नहीं मिल सकता।

तमाम लोगों का यह भी कहना था कि श्री पांडे के स्थानांतरण से मॉडल जिले के विकास की गति प्रभावित होगी क्योंकि नए जिलाधिकारी को सब कुछ समझने में समय लगेगा। जिलाधिकारी पांडे ने उन्हें दिए गए सहयोग के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा उन्हें इस बात का संतोष एवं मलाल दोनों रहेगा की जिले के अधिकांश क्षेत्रों के लिए मेरी उपस्थिति भले ही सार्थक रही हो लेकिन मैं उन लोगों से क्षमा मांगना चाहूंगा की जिन्हें मैं उनके गांवों में जाकर उनकी समस्या देखना व सुनना चाहता था, वो वायदा मैं पूरा ना कर सका।

### उपहार छोड़कर केवल भावनाएं अपने साथ ले गए डीएम पांडे

**चंपावत।** खानदानी ईमानदार परिवार से जुड़े जिलाधिकारी नवनीत पांडे के विदाई समारोह में उन्हें मिले तमाम स्मृति चिन्हों को यही छोड़कर केवल और केवल लोगों की भावनाओं को अपने साथ बांध कर ले गए। उन्होंने लोगों की भावनाओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। मालूम हो कि श्री पांडे ऐसे परिवार से जुड़े हैं जहां उनके सभी बंधु-बांधव जीवन के ऊंचे मुकाम में पहुंचते हुए अपनी ईमानदारी वह ऊंची विचारों से कार्य करने की उनकी अलग ही कार्य संस्कृति रही है।

# पंचायत चुनाव को लेकर किया विचार विमर्श

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी की बैठक में पंचायत चुनाव को लेकर गहन विचार विमर्श किया गया। उपपा ने कहा कि प्रदेश ही नहीं देश भी बहुत खराब दौर से गुजर रहा है। शिक्षा और रोजगार चौपट है।पूरा देश सांप्रदायिकता की आग में झुलस रहा है और इसके लिये मिल कर जूझने की आवश्यक्ता है।

उपपा अध्यक्ष पीसी तिवारी ने कहा कि आगामी त्रिस्तरीय पंचायती चुनावों में उपपा अपने सीमित संशाधनों के बावजूद पुरजोर तरीके से हिस्सेदारी करेगी। ईमानदार एवं कर्मठ नेतृत्व को ग्राम पंचायतों और क्षेत्र पंचायतों में लाने का प्रयत्न करेगी। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी, राष्ट्रीय पार्टियों से दूर रहकर उत्तराखंड से जुड़ी सभी क्षेत्रीय पार्टियों को एक मंच पर लाने का पुरजोर प्रयत्न करेगी। उपपा के केन्द्रीय प्रधान सचिव प्रभात ध्यानी ने कार्यकर्ताओं से पंचायती चुनावों को गंभीरता से लेने और उत्तराखंड की क्षेत्रीय पार्टियों को एकजुट कर एक मंच पर लाने के प्रयत्नों का पुरजोर समर्थन किया। इस दौरान कुलदीप मधवाल, दिनेश उपाध्याय, अशोक डालाकोटी, दीवान सिंह खनी, अमीनुरहमान, चिन्ता राम, केएन भट्ट, सीपी आर्या, बसन्त खनी, लाखन चिलवाल, अनिल पाठक, सुनील पर्नवाल लालमणी, एसआर टमटा, प्रकाश जोशी, पृथ्वी पाल, तहसीन खान, मोहन सजवान, मोहम्मद आसिफ, लालता श्रीवास्तव, नारायण राम, चारू तिवारी, बलदेव राज सूद, वीरेन्द्र पांडे आदि मौजूद रहे।

# एसडीएम कौस्तुभ मिश्रा को दी विदाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किच्छा।** एसडीएम कौस्तुभ मिश्रा का शासन द्वारा प्रमोशन करते हुए अपर जिलाधिकारी उधम सिंह नगर बनाया गया है। शनिवार को उनकी विदाई ऐतिहासिक रूप में दर्ज हो गई। सरकारी अधिकारियों,कर्मचारियों, पत्रकारों एवं आमजन ने छलकती आंखों से बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उन्हें जिला मुख्यालय को रवाना किया। पहला मौका है जब किसी एसडीएम या अधिकारी को ऐसी विदाई दी गई है।



शासन द्वारा किच्छा के उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा को पदोन्नति देते हुए उधम सिंह नगर का अपर जिलाधिकारी राजस्व एवं वित्त बनाया गया है। शनिवार को तहसील प्रशासन एवं पत्रकारों की ओर से तहसील परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी तादात में सरकारी अधिकारियों, कर्मचारियों, पत्रकारों एवं आम जन भाग लेते हुए विदाई दी। इस मौके पर तहसीलदार गिरीश चंद्र त्रिपाठी ने कहा कि एसडीएम रहते कौस्तुभ मिश्रा ने उनके साथ ही नहीं बल्कि सभी कर्मचारियों के साथ भाई जैसा व्यवहार बनाए रखते हुए प्रशासनिक कार्य करने में सहयोग किया कभी एहसास नहीं होने दिया कि कर्मचारी और अधिकारी के बीच भी कोई दूरियां होती हैं। कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने कहा कि राजनीतिक, सामाजिक धरना प्रदर्शन एवं किसी भी तरह की समस्या आने पर एसडीएम के पद पर रहते कौस्तुभ मिश्रा ने हमेशा साथ दिया तथा पुलिस प्रशासन से पहले मौके पर खड़े रहकर पुलिस बल का मनोबल बढ़ाया। वरिष्ठ पत्रकार ए,ए तन्हा ने कहा कि अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा ने एसडीएम के पद पर रहते हुए आम जनमानस की समस्यायों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया तथा अपने अधीनस्थ कर्मचारियों से समस्याओं के समाधान प्राथमिकता के आधार पर कराए। श्री तन्हा ने कहा सरकार की योजनाओं को अमली जामा पहनाने के अलावा सरकार के राजस्व बढ़ोतरी के लिए हर संभव प्रयास किए।

नवागन्तुक एसडीएम गौरव पांडे ने कहा कि वह किच्छा सर्किल के लोगों को एसडीएम रहे अब अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कौस्तुभ मिश्रा की कमी नहीं खलने देंगे तथा उनके ही पदचिन्हों पर चलते हुए आमजन की समस्याओं का समाधान करेंगे। वहीं छलकती आंखों से अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा ने कहा कि जितना प्यार सहयोग उनके अधीनस्थ अधिकारियों, कर्मचारियों आम जनमानस एवं पत्रकारों द्वारा दिया गया है उसे वह कभी भी भूल नहीं पाएंगे। उन्होंने कहा कि वह जिला मुख्यालय पर मौजूद रहेंगे उनके योग कोई भी समस्या हो वह समाधान करने से पीछे नहीं हटेंगे उन्हें अपने से दूर न समझा जाए। इस मौके पर सभी ने अपर जिला अधिकारी कौस्तुभ मिश्रा को फूल मालाओं से लाद दिया तथा ढोल बाजे के साथ छलकती आंखों से स्मृति चिन्ह भेंट कर शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए जिला मुख्यालय के लिए रवाना किया।

# नकली सोने का घड़ा दिखकर लूट करने वाले तीन दबोचे

**■ आरोपियों के कब्जे से पैतिस हजार की नकदी बरामद**
**■ बीएएमएस डॉक्टर व वन विभाग का संविदा कर्मी ने पुलिस बनकर की घटना**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** बीते दिवस कोठीवाल, नगर निकट थाना कोतवाली, जनपद मुरादाबाद उत्तर प्रदेश निवासी अमित रस्तोगी पुत्र स्व: अनिल कुमार रस्तोगी की तहरीर पर सोने का घड़ा दिखाकर की गयी लाखों की ठगी के मामले में मुकदमा पंजीकृत किया था।

शनिवार को पुलिस की मामले का खुलासा करते हुए बताया कि दर्ज तहरीर कर आधार पर मामले की तहकीकात में जुटी पुलिस टीम ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के नामो का खुलासा करते हुए बताया कि गिरफ्तार आरोपी हरजिन्दर उर्फ राजू पुत्र कुलवन्त सिंह निवासी कैथुलिया थाना नानकमत्ता ने पूछताछ पर बताया कि हम एक गैंग के रूप में काम करते हैं। हमारी गैंग में लगभग 10-12 सदस्य हैं। अभी कुछ महिने पहले हमारी गैंग के कुछ सदस्यों ने थाना सितारगंज क्षेत्र में भी 70 लाख रुपये की लूट की घटना की थी। मैने ये रुपये ठगने की कला राजस्थान के कोटा क्षेत्र से सीखी है। हम सीधे साधे लोगों को नकली सोने का घड़ा दिखाते हैं, फिर उस सोने को हमारे साथी सुनार राजू रस्तोगी से चेक कराते हैं। वह सोने को सही बताता है, फिर जब पार्टी को विश्वास हो जाता है तो हम उसे पैसे लेकर अपने घर या अपने परिचित के घर बुलाते हैं। वहां पर हमारी गैंग के कुछ लोग पुलिस या वन विभाग की वर्दी पहनकर रहते हैं व कुछ महिलाएं भी वहां पर रहती हैं, जो हमारी सहायता करती हैं। हम सभी लोग मिलकर पार्टी से पैसा लूट लते हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपी सर्वेश अग्रवाल पुत्र स्व. कैलाश चन्द्र अग्रवाल निवासी बुद्ध बाजार कोतवाली मुरादाबाद ने पूछताछ में बताया कि मैं मूल रूप से मुरादाबाद का ही रहने वाला हूं। मैने ही पैसे के लालच में वादी पक्ष को हरजिन्दर उर्फ राजू से मिलाया था। मैं पेशे से बीएएमएस डॉक्टर हूं और मेरा मुरादाबाद में क्लीनिक भी है तथा तीसरे आरोपी करनैल सिंह पुत्र सुन्दर सिंह निवासी हरैया थाना नानकमत्ता ने पूछताछ पर बताया कि मैं वन विभाग में संविदाकर्मी हूं। मेरे पास वन विभाग की वर्दी है, जो अंधेरे में नहीं पता लगता है कि पुलिस की वर्दी है या वन विभाग की वर्दी है। मैने उस दिन यही वर्दी पहनी थी जिसे पहनकर हम लोग पार्टी से पैसा लूटने गये थे। पैसे के लालच में आकर मैने यह काम किया है। गिरफ्तार तीनों आरोपी ने पूछताछ पर अपनी गैंग के अन्य सदस्यों के नाम भी उजागर किए हैं। पुलिस ने तीनों आरोपियों के कब्जे से 35000 हजार की रुपए की नगदी भी बरामद की है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रतापपुर चौकी इंचार्ज उप निरीक्षक राजेन्द्र पन्त, कीर्ति भट्ट, संजय कुमार, मनोज जोशी, अपर उप निरीक्षक कृपाल सिंह, मुख्य आरक्षी नवनीत कुमार, सिपाही नवीन जोशी, शुभम सैनी, धनराज शामिल हैं।

## योग साधकों ने किया योगाभ्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** एमपी इंटर कॉलेज मैदान में उज्ज्वला योग समिति के तत्वाधान में नौवें वर्ष में योग चेतना शिविर में भारी संख्या में योग साधकों और आम लोगों ने प्रतिभाग किया। योगाचार्य डा. नितिन डोमने ने प्रोटोकॉल के मुताबिक योगाभ्यास करवाया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक डा. साकेत बडोला, विशिष्ट अतिथि अधिशासी अभियंता अमित गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलित करके करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वन अर्थ वन हेल्थ की थीम पर योग कार्यक्रम में स्वास्थ्य चेतना और आधुनिक जीवन शैली में योग, ध्यान और प्राणायाम के महत्व पर चर्चा हुई।इस दौरान शिविर में गणेश रावत, मितेश्वर आनंद, चन्द्रशेखर मिश्रा, तिलक रावत जी, विनीत शर्मा,सुप्रिया परिहार, देवेंद्र परिहार, हरिमन, सुरेश लाल, डॉ कैसी जोशी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में विनीत रिखाड़ी और गायत्री के बांसुरी वादन ने समां बांध दिया।

## विकास भारती स्कूल में मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** दोराहा उत्तराखण्ड यूपी सीमा पर स्थित रामपुर रोड शिकारपुर विकास भारती स्कूल में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना और दीप प्रज्वलन से हुई। विद्यालय के प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। योग प्रशिक्षकों के निर्देशन में छात्रों ने विभिन्न योगासन जैसे ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, त्रिकोणासन, और प्राणायाम का अभ्यास किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या स्मिता गुप्ता ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मानसिक और आत्मिक संतुलन का माध्यम भी है। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में स्वस्थ जीवन शैली के प्रति जागरूकता फैलाना और योग को दैनिक जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित करना था। अंत में सभी को नियमित योग करने का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## एक नजर

### हिंद पब्लिक स्कूल में हुआ योग शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** भाजपा नगर मंडल द्वारा हिन्द पब्लिक स्कूल के परिसर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें योग गुरु बाबा विमलेश द्वारा योगाभ्यास कराया गया।




वहीं मुख्य वक्ता भाजपा नेता वरुण अग्रवाल ने कहा कि योग से जीवन को उत्तम व निरोगी बनाया जा सकता है। इस योगशाला में खटीमा नगर मंडल अध्यक्ष जीवन सिंह धामी, जिला महामंत्री सतीश गोयल, कार्यक्रम संयोजक भाजपा नेता संतोष अग्रवाल, नवीन बोरा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष विमला मुंडेला, भुवन चन्द्र भट्ट, विक्की रस्तोगी, गंगा सिंह चौहान, अमित जोशी, राहुल चौहान, स्कूल प्रबंधक नीरज कुमार, किशोर उप्रेती, डा. एमएम जोशी, सुनील रैदानी, विश्वजीत, नीरज वर्मा, विशाल गोयल, नीरज अग्रवाल, एडवोकेट हरीश जोशी तथा पंकज धामी आदि उपस्थित रहे।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर डायट में हुआ योग का भव्य शो

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर डायट लोहाघाट में योगाभ्यास का भव्य आयोजन किया गया। प्राचार्य दिनेश खेतवाल ने बताया कि व योगाचार्य सुनीता देवी द्वारा समस्त स्टाफ तथा डीएलएड प्रशिक्षुओं को योग की बारीकियों से अवगत कराया तथा अनेक प्रकार के योगाभ्यास कराये तथा कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी दिनचर्या में योग शामिल करना चाहिए। इस अवसर पर डा. आशुतोष वर्मा, डा. एके मिश्र, कृष्ण सिंह ऐरी, लता आर्या, दीपक सोराड़ी, डा. लक्ष्मीशंकर यादव, मनोज भाकुनी, डा. पारुल शर्मा, डा. अवनीश शर्मा, शिवराज तड़ागी, डा. कमल गहतोड़ी सहित समस्त डीएलएड प्रशिक्षु मौजूद थे।

उधर राउमावि खूनाबोरा में यूथ एंड ईको क्लब प्रभारी प्रकाश चन्द्र उपाध्याय के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं तथा शिक्षकों द्वारा प्रणायाम तथा योगाभ्यास किए गए। शिक्षक उपाध्याय ने छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्राणायामों से होने वाले लाभों की जानकारी देने के साथ ही योगाभ्यास कराए। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य खीमानंद पाण्डेय,कैलाश गहतोड़ी, नवीन जोशी, राजेश्वरी जुकरिया, मीरा पंत, प्रकाश चन्द्र उपाध्याय आदि उपस्थित थे।

### लोहाघाट व पाटी में पहले और बाराकोट व चंपावत ब्लॉक में होगा दूसरे चरण में त्रिस्तरीय चुनाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** त्रिस्तरीय पंचायती चुनाव को लेकर हो रही अनिश्चिता में विराम लग गया है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा बाकायदा इसकी घोषणा वह चुनाव कार्यक्रम निर्धारित कर दिया गया है। इसी के साथ जिले में चुनाव आचार संहिता भी लागू हो गई है।

सीडीओ एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी डा. जीएस खाती ने रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर को पंचायती चुनाव का प्रशिक्षण देने के बाद बताया कि जिले में दो स्तरों में चुनाव होंगे। पहले चरण में लोहाघाट और पाटी तथा दूसरे में बाराकोट एवं चम्पावत ब्लॉक में होंगे। इसी के साथ जिले में आचार संहिता भी लागू हुई है। उन्होंने बताया कि 25 से 28 जून तक नामांकन सुबह 8 बजे से शाम 4:00 बजे तक किए जाएँगे, 29 जून से एक जुलाई तक नामांकन पत्रों की जांच, दो जुलाई को अपराह्न 3:00 बजे तक नाम की वापसी, इसके दूसरे दिन चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे, जबकि 10 जुलाई को सुबह 8:00 से 5:00 बजे तक मतदान होगा। इसी प्रकार 8 जुलाई को दूसरे चरण के लिए चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे, 15 जुलाई को मतदान तथा 19 जुलाई को एक साथ चारों ब्लॉकों की मतगणना ब्लॉक कार्यालय में की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिले में 312 ग्राम पंचायतो, 2286 वार्ड सदस्यों, 134 क्षेत्र पंचायत सदस्य तथा 15 जिला पंचायत वार्ड के लिए चुनाव होने है। जिसमे एक लाख 86 हजार 289 मतदाता मतदान करेंगे जिसमे 89153 महिला मतदाता शामिल है। मतदाताओ की संख्या में कुछ संशोधन भी हो सकता है।

### योग कुटीर में हुआ योग कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भाजपा नगर मंडल द्वारा बाला जी मंदिर के समीप योग कुटीर में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया,इस अवसर पर प्रशिक्षित योग प्रशिक्षिकाओं ने योग के लाभों की जानकारी दी और प्रतिभागियों को योग अभ्यास कराते हुए उसके स्वास्थ्य लाभ भी बताए।

इस दौरान भाजपा प्रदेश मंत्री राकेश नैनवाल, नगर अध्यक्ष भूपेन्द्र खाती, अखिलेश मेहरोत्रा, पूरन नैनवाल,अजय पाल, अशोक गुप्ता भरत तिवाड़ी, नवीन करगेती, सलभ मित्तल, भागीरथ लाल चौधरी, रुचि गिरी शर्मा, दिनेश मेहरा, भावना भट्ट, आशा बिष्ट, संजय बिष्ट, इशान अग्रवाल, निरंजन अग्रवाल, रामभरोसे लाल, प्रेम मेहरा, सत्यप्रकाश शर्मा, संतोष, मनोज पांडे, सुभाष ध्यानी समेत कई भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को योग के प्रति जागरूक करना और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना रहा है।

### नवागन्तुक एसडीएम गौरव पांडे का किया स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किच्छा।** अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा के विदाई कार्यक्रम में पहुंचे नवागन्तुक उप जिलाधिकारी गौरव पांडे का भी तहसीलदार गिरीश चंद्र त्रिपाठी एवं कर्मचारियों तथा एसडीएम कार्यालय के कर्मचारियोंके अलावा कोतवाल धीरेंद्र कुमार तथा पत्रकारों ने स्वागत अभिनंदन किया। नवागन्तुक एसडीएम ने कहा कि अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा की कमी एहसास नहीं होने देंगे। वह चाहते हैं कि अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा की तरह उन्हें भी सहयोग किए जाने की सभी से अपेक्षा करते हैं।

